Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# बाघ को पकड़ने को कहते हैं तो जवाब होता है जब दिखे तो बता देना

**प्रदर्शन**

## वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता**

चम्पावत। दो माह में बाघ के महिला पर हमला कर मौत के घाट उतारने की दूसरी घटना हो गई। गांव में लगातार ग्रामीणों को बाघ दिख रहा है, पर वन विभाग की टीम आंख मूंदे बैठी हुई है। ग्रामीण जब तक भी बाघ को पकडने की बात कहते हैं तो वन विभाग का जवाब होता है जब दिखे तो बता देना पकडने का प्रयास करेंगे।

ग्रामीणों ने बुधवार को एक बार फिर बाघ को पकडने के लिए डीएम का घेराव किया। प्रशासन द्वारा सुस्त होकर बैठे होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने डीएम को जमकर खरीखोटी सुनाई। उन्होंने एक बार फिर ग्रामीणों को कार्यवाही किए जाने का दो माह पूर्व आश्वासन दिया। दो–दो घटनाएं हो जाने के बाद भी मौके पर तो डीएम गए और न ही डीएफओ। सिर्फ अपने



मातहतों को ही निर्देश देकर खानापूर्ति कर दे रहे हैं। बाघ की निरंतर आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया है। लोग शाम होते ही घरों में कैद हो जा रहे हैं। ग्रामीणों ने डीएम को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

घटना से आक्रोशित नघान गांव के ग्रामीणों ने डीएम विनीत तोमर का घेराव कर कहा कि 31 जनवरी को चंचला देवी पत्नी चूड़ामणी जोशी को आदमखोर बाघ ने पीछे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। दो माह पूर्व ढकना बडोला गांव में भी इसी तरही बाघ ने महिला को निवाला बनाया था। लेकिन इसके बाद भी जिला प्रशासन व वन विभाग ने कोई सख्त रूख नहीं अपनाया। जिस कारण बाघ अब ललुवापानी के जंगल में पहुंच गया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर उसी समय वन विभाग ने सतर्कता दिखाई होती तो यह अनहोनी न होती है। दूसरी घटना के बाद भी वन विभाग के साथ जिला प्रशासन चिर निद्रा में सोया हुआ है।

घटना के बाद से गांव और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भय और डर का माहौल बना हुआ है। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। इससे रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। अगर जल्द बाघ को नहीं पकड़ा गया तो वह किसी और को भी निवाला बना सकता है। उन्होंने डीएम से दो दिन के अंदर बाघ को गोली मारने के आदेश जारी न करने या फिर उचित कार्यवाही न करने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस पर डीएम ने कहा कि चुनाव में कई कार्मिकों की ड्यूटी लगी है। वन विभाग की टीम लगी है। डीएफओ को भी ग्रामीणों संग कांबिंग करने के लिए कहा गया है।

## न्यूज डायरी

### चाय की दुकान की आड़ में बेची जा रही थी शराब, दुकानदार गिरफ्तार

**संवाददाता** अल्मोड़ा। आचार संहिता के बीच चुनाव आयोग की उड़न दस्ता और अन्य टीमें लगातार अभियान चला रही है। पुलिस और उड़नदस्ता की टीम ने चाय की दुकान की आड़ में अवैध तरीके से शराब बेचने वाले को पकड़ लिया। उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एसओजी और उड़न दस्ता की टीम ने बुधवार को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। लमगड़ा थाने क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जसकोट पोखरी निवासी राम सिंह चाय की दुकान की आड़ में अवैध तरीके से शराब का कारोबार करते मिला। उसके पास पुलिस ने देशी और विदेशी कुल 59 बोतल एवं 24 पव्वे शराब बरामद हुई। शराब के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। टीम में एफएसटी प्रभारी आशीष कुमार, एसआइ देवेंद्र सिंह सामंत, कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी, राजेश भट्ट आदि रहे।

### जिले भर से खोए 27 मोबाइल किए बरामद, लोगों को सौंपे उनके फोन

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जनवरी माह में पुलिस ने जिले भर से खोए पांच लाख से अधिक कीमत के कुल 27 मोबाइल खोज निकाले हैं। बुधवार को सभी फोन मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किए गए। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने पुलिस टीम को एक हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। जनवरी के महीने में जिले भर के अलग–अलग हिस्सों से 27 मोबाइल फोन खोने की शिकायत दर्ज की गई। एसएसपी ने थाना प्रभारियों को मोबाइल खोजने के संबंध में निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन और साइबर सेल की नोडल अधिकारी ओशीन जोशी के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

### 5वीं इंडो–नेपाल अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड की संगीता ने जीता स्वर्ण पदक

**संवाददाता** द्वाराहाट। भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय एथलीट चौंपियनशिप में उत्तराखंड की खिलाड़ी ने गोल्ड जीतकर प्रदेश का नाम रौशन कर दिया है। कुमाऊं के अल्मोड़ा जिले मल्ली किरौली की उदीयमान धाविका संगीता किरौला ने नेपाल में देश का तिरंगा बुलंद किया। उत्तराखंड की इस इकलौती एथलीट ने 5वीं इंडो नेपाल अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में 1500 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। ऐसा करने वह न केवल हिमालयी राज्य का गौरव बढ़ाया बल्कि पड़ोसी मित्र राष्ट्र की धरती पर भारत का डंका भी बजाया। विकासखंड के सुदूर गांव की प्रतिभा के इस प्रदर्शन से क्षेत्र के खेल प्रेमी व खिलाडियों में खासा उत्साह है। संगीता किरौला ताइक्वांडो की बेहतरीन खिलाड़ी होने के साथ ही एथलीट में भी हुनर का लोहा मनवा रही है।

## जनता में भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह बना हुआ है : मुख्यमंत्री

**संवाददाता** पिथौरागढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गंगोलीहाट विधानसभा सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी फकीर राम टम्टा के समर्थन में बुधवार को बेरीनाग पहुंचे। यहां उन्होंने जनसंपर्क कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता में भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। प्रदेश की जनता 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में कमल के फूल का बटन दबाकर इसे साबित करेगी और दस मार्च को विकास रूपी लक्ष्मी कमल के फूल में बैठकर ईवीएम से बाहर निकलेंगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को बेरीनाग पहुंचे।इसके बाद उन्होंने जोहार चौक से बेरीनाग बाजार तक जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी फकीर राम टम्टा के समर्थन में वोट देने की अपील की। उन्होंने जीआइसी मैदान में जनसभा को संबोधित किया।

सीएम धामी ने कहा कि विस चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। गंगोलीहाट विधानसभा में विधायक मीना गंगोला ने जो भी कार्य किए हैं, अब उन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी वर्तमान भाजपा प्रत्याशी फकीर राम टम्टा की होगी। इसके लिए क्षेत्र की जनता को टम्टा के समर्थन में बढ़चढ़ कर मतदान करना होगा, तभी देवताओं की इस पावन धरती में विकास कार्य तेजी से हो पाएंगे। सीएम ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कोराना महामारी में निशुल्क वैक्सीन लगाने से लेकर, लोगों को मुफ्त राशन बांटने, विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट देने का काम किया है।



## मतदान को जागरूकता की अनूठी पहल

**संवाददाता** बागेश्वर। वोट करेगा बागेश्वर, यूथ चला बूथ की थीम पर बैटमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसे नेहरू युवा केंद्र और रेडक्रास सोसायटी ने कराया। युवाओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकतंत्रक कौथिक थीम पर दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कहा कि युवाओं से लोकतंत्र के महापर्व 14 फरवरी को शत–प्रतिशत मतदान करना है। गांव, कस्बे, शहर व आस–पड़ोस के मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी को प्रेरित भी करना है। सी–विजिल एप, टाल फ्री नंबर–1950 व वोटर हेल्पलाईन एप पर सहज एवं सरल जानकारी ले सकते हैं।

# सविता कपूर के सोसायटी अध्यक्ष रहते हुआ करोड़ों का छात्रवृति घोटालाः आप

**संवाददाता** देहरादून। बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता और कैंट से प्रत्याशी रविंद्र आनंद ने प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर कैंट सीट से बीजेपी प्रत्याशी सविता कपूर पर बी हाइव सोसाइटी के अध्यक्ष रहते हुए करोड़ों रुपए के छात्रवृति घोटाले में शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा प्रदेश में करोड़ों रुपए के छात्रवृति घोटाले की एसआईटी जांच चल रही कई पर एसआईटी अपना शिकंजा भी कस चुकी है जिसमें सविता कपूर के बेटे अमित कपूर भी दोषी पाए गए हैं।

उन्होंने सभी दस्तावेज मीडिया के सामने रखते हुए कहा,बीजेपी अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा ,स्वास्थ्य

**छात्रवृति घोटाले में करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर कपूर परिवार को कटघरे में किया खड़ा**

पहुंचाने का जुमला कहती है और दूसरी तरफ इनके प्रत्याशी पिछले कई सालों से अपनी सोसायटी के जरिए गरीब,दलित छात्रों के छात्रवृति का पैसा डकार रहे हैं। गरीबों के हक पर डाका मारा जा रहा है।

उन्होंने कहा,45 से ज्यादा छात्रों को 2012 से 2017 तक मिलने वाली छात्रवृति 5 करोड़ से ऊपर समाज कल्याण से जारी हुई लेकिन वो पैसा छात्रों तक पहुंचाने के बजाय सविता कपूर के अध्यक्ष रहते हुए ये पैसा इनके तीन कॉलेज के लोन अकाउंट में ट्रांसफर किया गया। इसके अलावा फर्जी वाडा करते हुए 19 ऐसे छात्रों के दस्तावेजों का गलत प्रयोग किया गया जिनका तीनों कॉलेजों में एडमिशन कर उनके नाम पर छात्रवृति का पैसा लिया।

इस घोटाले में अमित कपूर की भूमिका को देखते हुए उनकी भी जांच हुई जिसमें एसआईटी ने अपनी विवेचना में उनके उपर लगे आरोपों सही पाए गए। इस सोसायटी के अंतर्गत तीन कॉलेज हैं जहां 2012 से 2017 तक समाज कल्याण से 5 करोड़ 12 लाख 30 हजार 360 रुपए बतौर छात्रवृति आया। जो धनराशि 45 एससी एसटी छात्रों के अकाउंट में जानी थी वो बीहाइव सोसायटी के अंतर्गत तीन कॉलेजों के लोन अकाउंट में भेजी गई।

## इंडो–नेपाल बॉर्डर पर कोविड जांच के नाम पर वसूली का आरोप

**संवाददाता** चम्पावत। कोरोना का कहर बढ़ा तो इंडो नेपाल बॉर्डर पर एक बार फिर डॉक्टरों ने अवैध वसूली का खेल शुरू कर दिया। इंडो नेपाल बॉर्डर पर एंटिजन टेस्ट रिपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों व स्टॉफ द्वारा प्रत्येक व्यक्ति से 200 रुपये वसूले जा रहे हैं। सीएमओ के पास शिकायत किए जाने के बाद सीएमओ ने एसीएमओ एनएचएम को जांच के आदेश दिए हैं। जनपद में कोरोना का कहर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन 50 से अधिक केस आ रहे हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। जनपद के सभी बॉर्डरों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चेकिंग तेज कर दी गई है। प्रतिदिन 50 से अधिक लोग कोरोना पॉजिटिव आ रहे हैं। जिसका फायदा इंडो नेपाल बॉर्डर पर तैनात डॉक्टर उठा रहे हैं। सीएमओ कार्यालय में आई शिकायत के अनुसार बॉर्डर पर तैनात बनबसा अस्पताल के डॉक्टर एंटिजन टेस्ट रिपोर्ट के नाम पर लोगों से 200 रुपये प्रति रिपोर्ट के ले रहे हैं।